---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** 28 जून / June, 2019

---

## उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सिडबी ने उषा इंटरनेशनल के साथ भागीदारी की
## SIDBI partners with Usha International to promote entrepreneurship

पाँच राज्यों में 1000 उषा स्वावलंबन सिलाई स्कूल स्थापित करने और अगले एक वर्ष में
20,000 महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना

Plans to set up 1,000 USHA Swavalamban Silai schools in five states and empower 20,000 women in the next one year

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक ने अपनी प्रमुख पहल मिशन स्वावलंबन के तहत उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए उषा इंटरनेशनल लिमिटेड (यूआईएल) के साथ भागीदारी की है और पांच राज्यों में 1000 स्वावलंबन सिलाई स्कूल स्थापित करने और अगले एक वर्ष में 20,000 महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की योजना बनाई है। ये पाँच राज्य बिहार, झारखंड, राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश हैं। मिशन स्वावलंबन का उद्देश्य पूरे देश में उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस कार्य में उद्यमिता के बारे में जागरूकता पैदा करने से लेकर भावी उद्यमियों को अपने उद्यम स्थापित करने में मदद करना है।

Under its flagship initiative mission Swavalamban, Small Industries Development Bank of India (SIDBI) has partnered with Usha International Limited (UIL) to promote entrepreneurship and plans to set up 1000 Swavalamban tailoring schools in five states and empower 20,000 women in the next one year. The five states are Bihar, Jharkhand, Rajasthan, Telangana and Uttar Pradesh. Mission Swavalamban is aimed at fostering the entrepreneurship culture across the country. It works right from creating awareness about entrepreneurship to helping aspirants set up their enterprises.

सिडबी और यूआईएल (उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं जो दोहरे उद्देश्यों की पूर्ति करेगा। सिलाई स्कूल कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं को सिलाई और सिलाई कौशल प्रदान करके उन्हें उद्यम स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। दूसरा उद्देश्य आर्थिक सक्षमता के माध्यम से इन महिलाओं के परिवारों को सामाजिक प्रतिष्ठा एवं मान्यता दिलाना है।

A memorandum of understanding has been signed between SIDBI and UIL which will address dual objectives. The primary objective of the Silai School program empowers women by imparting sewing and stitching skills and encouraging them to venture into entrepreneurship. The other objective is to create a social standing and recognition within the families of these women through economic enablement.

सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने बताया कि, “हम उषा इंटरनेशनल के साथ साझेदारी से खुश हैं। स्वावलंबन, पिरामिड के निचले भाग से शुरू होता है जिसमें मुख्य रूप से असंगठित आजीविका गतिविधियाँ शामिल होती हैं और ये विकास और रोजगार सृजन की अधिकतम संभावनाओं को जन्म देती हैं। इस तरह की पहल का स्थानीय नौकरियों और रोजगार सृजन के अवसरों पर व्यापक असर होगा। हम ज्यादा से ज्यादा चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए मीलों साथ चलने हेतु प्रतिबद्ध हैं।”

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, “We are happy to partner with Usha International. Swavalamban starts at the bottom of pyramid which mainly comprises of unorganised livelihood activities offering maximum growth and job creation prospects. Such initiatives would have a ripple effect on opportunities of localised jobs and employment generation. We are committed to walk miles to add more smiles.”

डॉ प्रिया सोमैया, कार्यकारी निदेशक, उषा सोशल सर्विसेज ने कहा कि, “ हमें सिडबी के साथ सहयोग करने में बहुत खुशी है। हमारी तरह, सिडबी भी स्वरोजगार और उद्यमिता के माध्यम से पिरामिड के निचले भाग में उन लोगों को सशक्त बनाने में यकीन करता है, ताकि वे अपने घरों में वित्तीय सुरक्षा प्राप्त करें, जिससे कि पूरे परिवार के लिए बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य संभव हो।”

Dr. Priya Somaiya, Executive Director, USHA Social Services said, “It gives us great pleasure to collaborate with SIDBI. Like us, SIDBI too believes in empowering those at the bottom of the pyramid through self-employment and entrepreneurship, so that they attain financial security in their own homes, leading to better nutrition, education, and health for the entire family.”

सिलाई स्कूल कार्यक्रम को कौशल प्रदान करने, आजीविका प्रदान करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और गरीबी के दुश्चक्र को तोड़ने के उद्देश्य के साथ सिडबी और उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड की एक ग्रामीण पहल के रूप में अंततः समूचे भारत में विस्तारित किया जाएगा।

The Silai School program will be eventually expanded to pan India as a rural initiative of SIDBI and UIL with the aim of imparting skills, providing livelihood, promoting entrepreneurship and breaking the cycle of poverty.

इस पहल के अंतर्गत, उषा इन्टरनेशनल लिमिटेड (यूआईएल) के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा इच्छुक महिलाओं को सिलाई के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ सिलाई मशीन की मरम्मत और रखरखाव का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली महिला उद्यमी को उषा सिलाई मशीन, एक

प्रशिक्षण-किट और एक स्वावलंबन उषा सिलाई स्कूल साइनेज प्रदान किया जाएगा। बदले में ये प्रशिक्षित महिलाएँ समुदाय की अन्य महिलाओं को उसी या पड़ोस के गाँव में अपना खुद का सिलाई स्कूल स्थापित करने के बारे में सिखाएँगी और इन स्कूलों को 'सैटेलाइट सिलाई स्कूल' के नाम से जाना जाएगा। इस प्रकार प्रत्येक सिलाई स्कूल की कम से कम दो महिलाओं द्वारा अपने स्वयं के स्कूल खोले जाने के साथ एक 'बहूगुणक प्रभाव' निर्मित किया जा सकेगा।

Under this initiative, training would be provided to aspiring women on various aspects of stitching along with maintenance and repairing of sewing machine by the experienced trainers of UIL. The women entrepreneur successfully completing the program will be provided with Usha sewing machine, a training-kit and a Swavalamban Usha Silai School signage. These trained women in turn would teach other community women to establish their own Silai schools in the same or neighboring village which would be known as 'Satellite Silai Schools'. A 'multiplier effect' would be created with at least two women from every Silai School opening their own Silai Schools.

**सिडबी के बारे में:** 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in/ पर जाएँ।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental measures. For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम के बारे में:** सिलाई स्कूल कार्यक्रम, उषा इंटरनेशनल लिमिटेड की अखिल भारतीय समुदाय आधारित ग्रामीण पहल है। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य भारत के सुदूर पड़ावों, बस्तियों और गाँवों में रहने वाले समुदायों के हाशिए पर रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाना है। 2011 में शुरू किये गए इस उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत वर्तमान में भारत के सभी राज्यों में 20,810 सिलाई स्कूल, नेपाल में 100 और श्रीलंका में 20 सिलाई स्कूल कार्यरत है और भूटान में 3 उत्पादन केंद्र हैं। सिलाई स्कूल कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं को सिलाई और उद्यमिता कौशल प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें आजीविका का विकल्प देना है। दूसरा उद्देश्य आर्थिक सक्षमता के माध्यम से उनके परिवार और समुदाय के भीतर एक सामाजिक प्रतिष्ठा और पहचान बनाना है। सिलाई स्कूलों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाईट https://www.ushasilaischool.com पर जाएँ ।

**About USHA Silai School program:** The Silai School program is a pan India community based rural initiative of Usha International Limited. This social initiative is aimed at empowering women from marginalised sections of the communities residing in the remote hamlets, habitations and villages of India. Initiated in 2011, Usha Silai School program at present has 20,810 Silai Schools across all the states of India, 100 in Nepal and 20 in Sri Lanka and 3 production centers in Bhutan. The primary objective of the Silai School program is to create a livelihood option for women by financially empowering them through imparting sewing and stitching and entrepreneurship skills. The secondary objective is to create a social standing and recognition within her family and community through economic enablement. For more details on Silai Schools, visit: https://www.ushasilaischool.com

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई-मेल: neelasrib@sidbi.in

**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in